# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

कार्यालय – होशंगाबाद मार्ग, भोपाल – 462 026

क्रमांक : 436/परीक्षा/21

भोपाल, दिनांक : 16/12/2021

## अधिसूचना

विषयः–सत्र 2021–22 के स्नातक स्वाध्यायी वार्षिक विद्यार्थियों का ऑनलाईन नामांकन/पंजीयन ।

सत्र 2021–22 में ONLINE के माध्यम से **वार्षिक प्रणाली में** सम्मिलित होने वाले **स्वाध्यायी** छात्र जो **स्नातक प्रथम** में नामांकित होना चाहते हैं, उन छात्रों का नामांकन/पंजीयन करने हेतु निम्नांकित निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। स्वाध्यायी स्नातक के छात्रों के नामांकन/पंजीयन की निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

01. वार्षिक प्रणाली में **स्वाध्यायी छात्र** के रूप में सम्मिलित होने वाले छात्रों का महाविद्यालय द्वारा पंजीयन/नामांकन आवेदन पत्र ऑन लाईन करके ऑनलाईन प्रिंट आउट प्रति संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य से अग्रेषित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय में जमा करने की **अन्तिम तिथि 20/01/2022** है। अन्तिम तिथि **20/01/2022** के पश्चात विशेष परिस्थितियों में प्राचार्य की अनुशंसा पर कुलपति जी की विशेष अनुमति से विलम्ब शुल्क रू. 165/– अतिरिक्त के साथ नियमानुसार दिनांक **31.01.2022** तक आवेदन पत्र स्वीकार किए जा सकेगें।
02. महाविद्यालय विद्यार्थियों से नामांकन आवेदन पत्रों की पात्रता अंकसूची के आधार पर ऑन लाईन पूर्तियां करवाकर, निर्धारित शुल्क, विलम्ब शुल्क आव्रजन शुल्क (यदि देय हो), आर्हताकारी परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति मूल प्रबजन प्रमाणपत्र आदि नियमानुसार अनिवार्य रूप से नामांकन आवेदन पत्र के साथ संलग्न कराना सुनिश्चित करें।
03. जिन विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश क माध्यमिक शिक्षा मंडल के अतिरिक्त राज्य स्थित अन्य बोर्ड से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें नामांकन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण** पत्र (Migration Certificate) संलग्न करना अनिवार्य है।
04. जिन विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश के बाहर बोर्ड से आर्हताकारी परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हे नामांकन/पंजीयन आवेदन पत्र के साथ **मूल प्रवजन प्रमाण पत्र** (Migration Certificate) अनिवार्यतः संलग्न करने के साथ ही आव्रजन शुल्क रू.165/– भी देय होगा।
05. **विद्यार्थी यह विशेषं ध्यान रखें कि जो परीक्षा केन्द्र निर्धारित है उसी महाविद्यालय से ही ऑन लाईन नामांकन आवेदन पत्र भरे जायें,जिस महाविद्यालय से परीक्षा देनी है।**
06. नामांकन आवेदन पत्रों के प्रिंट आउट में निर्धारित स्थान पर प्राचार्य के द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। पंजीयन/नामांकन आवेदन पत्र जमा करते समय प्रिंट आउट के साथ अंकसूची, माईग्रेशन, इत्यादी संलग्न कर महाविद्यालय द्वारा वि.वि. में जमा करना आवश्यक है।
07. पंजीयन/नामांकन ऑन लाईन आवेदन के पश्चात ऑन लाईन भुगतान करना अनिवार्य है एवं प्रत्येक छात्र को पोर्टल शुल्क रू. 25/–अलग से देय होगा।
08. **नोटः–पूर्व में नामांकन प्राप्त विद्यार्थी नामांकन क्रमांक सही पोटर्ल में अवश्य डालें जिसका शुल्क** 25/– देय होगा। पंजीयन/नामांकन फार्म एवं पंजीयन/नामांकन शुल्क एम.पी.ऑनलाईन लिमिटेड के पोर्टल www.mponline.gov.in के माध्यम से भरे जाएगें।
09. सम्बद्ध महाविद्यालयों, द्वारा छात्रों के फार्म ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। जिन छात्रों के ऑनलाईन फार्म नहीं भरे जावेगें उनका पंजीयन/नामांकन नहीं होगा। ऑनलाईन फार्म जमा करने के पश्चात महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में ऑनलाईन भरे गये,फार्म का प्रिंट एवं समस्त आवश्यक दस्तावेज फार्म के साथ लगाना अनिवार्य है।

निरंतर–2

10. समस्त संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यो का दायित्व है कि छात्रों के पात्रता, माईग्रेश्न एवं समस्त आवश्यक दस्तावेजों की भली–भांति जॉच करके ही पात्र छात्रों का ही नामांकन फार्म भरना सुनिश्चित करें। **द्वितीय एवं तृतीय में स्थानांतरित छात्रों के लिए नामांकन हेतु फार्म महाविद्यालय से ही भरें जायेगें जिसकी तिथि यथावत रहेगी।**

11. नामांकन फार्म में वांछित सभी प्रविष्टियां सही भरी जावें और कोई भी कॉलम रिक्त न छोड़े। छात्र का नवीनतम फोटो एवं संबंधित अभ्यार्थी के हस्ताक्षर ऑनलाईन फार्म में अपलोड किए जावें। विद्यार्थी का पात्रता **अंकसूची में मुद्रित छात्र का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि आदि नाम 10+2 अंकसूची अनुसार ही भरे जाए।** छात्र इसकी स्वयं भी जॉच करने का कष्ट करें जिससे गलती की संभावना न रहें। ऑनलाईन फार्म भरने के उपरांत ऑनलाईन पेमेन्ट जमा करने के पूर्व सभी प्रविष्टियां एवं फोटो चैक की जावें एवं यदि कोई त्रुटि हो तो सुधार कर लिया जावे। समस्त प्रविष्टियां चैक करने के उपरांत ही ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन फार्म जमा किया जावे। ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन फार्म जमा प्रक्रिया में केवल भुगतान हो चुके (जिनका Transaction I.D एवं Code जनरेट हुआ है) पंजीयन/नामांकन फार्म ही जमा माने जाएँगें एवं उनका पंजीयन/नामांकन किया जाएगा। यदि किसी प्रकार की त्रुटि/गलत प्रकार से आवेदन फार्म भरा जाता है तो इसके लिए छात्र एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होगें।

12. ऑनलाईन नामांकन फार्म जमा करने के पश्चात प्रत्येक पंजीयन/नामांकन फार्म के प्रिंट आउट को प्राचार्य द्वारा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षरित करवाकर, इन प्रिंट आउट के साथ सभी आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेज विश्वविद्यालय के नामांकन विभाग में **अंतिम तिथि 20.01.2022 तक** संबंधित महाविद्यालय द्वारा जमा करना अनिवार्य है । **फार्म पाठ्यक्रम अनुसार अलग–अलग स्नातक वार्षिक के ऑनलाईन क्रम से भेजे जाए।** छात्र का नामांकन फार्म ऑनलाईन जमा होने के उपरांत यदि उसका प्रिंट आउट तथा नामांकन संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेज नियत तिथि तक प्राप्त नहीं होते हैं/अपूर्ण प्राप्त होते हैं या छात्र अपात्र पाया जाता है या नियमों की पूर्ति नहीं की जाती है तो संबंधित छात्र को परीक्षा फार्म भरने की अनुमति नहीं होगी। छात्र का नामांकन निरस्त/प्रवेश पत्र रोकने/परीक्षा परिणाम रोकने जैसी कार्यवाही होती है तो इसके लिए संबंधित छात्र एवं महाविद्यालय जिम्मेदार होगा। नामांकन विभाग में नियत तिथि तक नामांकन फार्म एवं आवश्यक दस्तावेज प्राप्त न होने की स्थिति में अध्ययन संस्था के साथ पत्र व्यवहार करने हेतु विश्वविद्यालय बाध्य नहीं है।

**GENERAL FEES DETAILS (20.01.2022 तक )**

| Students Category | Enrollment Fees |
|---|---|
| Students of M.P. | RS.130/- |
| Students Of out side of M.P & CBSC | RS.130/-+165/- =295/- |
| Students Of out side of India | RS.275/-+380/- =655/- |

**LATE FEES DATAILS (31.01.2022 तक )**

| Students Category | Enrollment Fees |
|---|---|
| Students of M.P. | RS.130/-+165/- =295/- |
| Students Of out side of M.P. & CBSC | RS.295/-+165/- =460/- |
| Students Of out side of India | RS.275/-+380/- +380/=1035/- |

निरंतर–3

कृपया निर्धारित तिथियों तक समस्त स्वाध्यायी विद्यार्थियों के नामांकन ऑनलाईन फार्म भरना सुनिश्चित करें एवं आवेदन पत्र उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए आवश्यक दस्तावेज एवं शुल्क सहित विश्वविद्यालय में अनिवार्यतः जमा कराने का कष्ट करें।

नोट :–

**01. प्रत्येक कक्षावार/संकायवार अलग–अलग फार्म सेमेस्टर की सूची तथा जमा राशि के योग का एक ON LINE जमा किए गए शुल्क का प्रिंट आउट संलग्न करना होगा। ऑनलाईन भुगतान सुविधा प्रत्येक महाविद्यालय को प्रदान की गई है।**

**02. महाविद्यालय को mponline में KIOSK के रूप में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण का कोई शुल्क नहीं है। इसके उपरांत USER ID (यूसर आईडी) बनाना अनिवार्य है तदोपरांत सुविधा शुरू होगी।**

**कुलसचिव**
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
भोपाल , दिनांक 16/12/2021

पृ. क्रमांक 437 परीक्षा/2021
प्रतिलिपिः——

1— प्रमुख सचिव,उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
2— आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग म.प्र.शासन की ओर सूचनार्थ।
3— प्राचार्य,समस्त समब्द्ध महाविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4— अधिष्ठाता ,छात्र कल्याण विभाग की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5— कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपतिजी को सूचनार्थ ।
6— उपकुलसचिव गोपनीय शाखा की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7— जनसम्पर्क अधिकारी/कन्ट्रोल रूम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
8— प्रभारी, एम.पी.ऑनलाईन की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु
9— प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइड की ओर सूचनार्थ ।
10— प्रभारी पूछताछ कक्ष की ओर सूचनार्थ।
11— संपादक, दैनिक समाचार पत्रों की ओर उनके लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में प्रकाशित किये जाने हेतु निवेदन के साथ प्रेषित ।

उपकुलसचिव (परीक्षा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल